सीएसआईआर-केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली

राजभाषा अनुभाग

सं. 20-08/16/24-राभा

दिनांक 10/05/2024

**परिपत्र Circular**

विषय – दिनांक 16 मई 2024 को 'राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में हिंदी का महत्व' विषय पर हिंदी में विशेष आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन **Special Invited Lecture in Hindi on the topic 'Importance of Hindi in the context of national integration' Dated 16th May 2024.**

संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन को गति देने के लिए नियमित रुप से हिंदी में व्याख्यान और तकनीकी प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया जाता है। इस श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक 16 मई 2024 को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती केंद्रीय विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा साहित्यकार डा. सुभाष चंद्र राय के राजभाषा हिंदी पर केंद्रित विशेष व्याख्यान का आयोजन निर्धारित किया गया है। हिंदी में व्याख्यान संबंधी निर्धारित कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार है -

विषय – **'राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में हिंदी का महत्व'**

वक्ता - **डा. सुभाष चंद्र राय**, साहित्यकार तथा विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग शांतिनिकेतन, प. बंगाल

दिनांक - 16.05.2024, समय - शाम **03:30 बजे से**

स्थान – **सीआरआरआई सभागार** (ऑडिटोरियम)

संस्थान में आमंत्रित विद्वान वक्ता की प्रतिष्ठा तथा राजभाषा हिंदी के महत्व पर केंद्रित व्याख्यान को देखते हुए सभी कार्मिकों से यह अपेक्षित है कि कार्यक्रम में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। अतः, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों तथा सभी प्रमुखों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित हों तथा अन्य **नियमित** व **अनियमित** कार्मिकों के अलावा **परियोजना सहायक, रिसर्च इंटर्न** आदि स्टाफ को बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। अनुरोध है कि संस्थान में हिंदी कार्यों में प्रगति के उद्देश्य से पूर्व की भांति अपना सहयोग देते हुए संस्थान के सभागार (ऑडिटोरियम) में निर्धारित समय पर उपस्थित होने की कृपा करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं।

संजय चौधरी 10/05/2024

(संजय चौधरी)

**हिंदी अधिकारी**

प्रति –

1. निदेशक महोदय का कार्यालय DRRI
2. प्रशासन नियंत्रक कार्यालय COA
3. प्रशासन अधिकारी कार्यालय AO
4. प्रमुख, सीसीएन प्रभाग – संस्थान के इंट्रानेट व ईडीबी पर अपलोड करने व अन्य सहयोग हेतु HOD, CCN – For uploading on the intranet & EDB.
5. प्रमुख, आईएलटी – ऑडिटोरियम व लैपटॉप संबंधी व्यवस्था; फोटो लेने व अन्य सहयोग हेतु HOD, ILT - For all arrangements reg. Photography, multimedia and other arrangements.
6. प्रमुख, ईएसडी – ऑडिटोरियम संबंधी साफ-सफाई; सुचारु बिजली आपूर्ति व अन्य सहयोग हेतु HOD, ESD – For all required arrangements in the Auditorium.
7. सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुख – सभी सहकर्मियों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होने के अनुरोध सहित All HOD's/Heads – With request for full attendance during the Hindi Lecture.
8. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य All Members of OLIC
9. राजभाषा मॉनीटरन समिति के सभी सदस्य All Members of Rajbhasha Monitoring Committee.
10. सभी सामाजिक संचार समूह Social Media Groups
11. सूचना पट्ट Notice boards
12. कार्यालय प्रति Office Copy

Hindi lecture.2017